Chapter- 4

फिर क्या हुआ ?

STUDY NOTES

विषय सारांश :

- एक बार सम्राट अकबर बीमार पड़ गए ।
- बीमारी के कारण उन्हे बिलकुल भी नींद नहीं आती थी ।
- कई दवाइयाँ लेने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ ।
- अकबर को कहानी सुनने का शौक था । इसलिए उन्होने रोज रात को एक-एक कहानी सुनने का निश्चय किया ।
- प्रतिदिन कोई-न-कोई दरबारी आकर कहानी सुनाने लगे ।
- हर कहानी के अंत में अकबर पूछते 'फिर क्या हुआ ?'
- दरबारी परेशान होकर वीरबल से उपाय पूछने लगे ।
- वीरबल स्वयं कहानी सुनाने पहुँचे ।
- कहानी में पक्षी अनाज भरे मटके में छेद करके दाना चुगने की कोशिश करते हैं ।
- बारी-बारी से एक-एक पक्षी आकर दाना चुगते ।
- वीरबल यही प्रक्रिया बार-बार दोहराते रहे ।
- जब अकबर ने पूछा कि ये पक्षी दाना लेना कब छोड़ेंगे ? तब वीरबल ने कहा जब आप 'फिर क्या हुआ ?' पूछना छोडेंगे ।
- महराज को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होने कहानी सुनना छोड़ दिया ।
- अब उन्हे नींद भी आने लगी ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

अभ्यास के लिए

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास

बीमार, राजवैद्य , दवाइयाँ, प्रतिदिन , नियमानुसार , समाप्त, झोंपड़ी , उपजाऊ , भूमि , अहसास

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए –

क) किस कारण से अकबर रात-रात भर जागते रहते ?

उ- बिमारी के कारण से अकबर रात-रात भर जगाते रहते ।

ख) अकबर ने क्या निश्चय किया ?

उ- अकबर ने रोज रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया ।

ग) दरबारी परेशान क्यों रहने लगे ?

उ- दरबारी इसलिए परेशान रहने लगे क्योंकि अकबर हर कहानी के अंत में पूछते फिर क्या हुआ ? किसी भी कहानी का अंत होना वे नहीं चाहते थे ।

घ) अगली रात अकबर को कहानी सुनाने कौन पहुँचा ?

उ- अगली रात अकबर को कहानी सुनाने बीरबल पहुँचा ।

ङ) पाठ के आधार पर बताइए कि कितने पक्षी पेड़ पर बैठे हैं ?

उ- पाठ के आधार पर पाँच सौ पच्चीस पक्षी पेड़ पर बैठे हैं ।

लिखित –

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क) महाराज अकबर को क्या हुआ था ?

उ- महाराज अकबर को बीमारी के कारण रात को नींद नहीं आती थी ।

ख) महाराज अकबर को किस चीज का शौक था ?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

उ- महाराज अकबर को कहानी सुनने का सौक था ।

ग) कहानी के अंत में महाराज क्या पूछते थी ?

उ- कहानी के अंत में महाराज हमेशा पूछते थे कि 'फिर क्या हुआ' ?

घ) किसान किस बात से परेशान था ?

उ- किसान इस बात से परेशान था कि अकसर पक्षी उसकी फसल खराब कर जाते थे ।

ङ) अंत में महाराज ने क्या किया ?

उ- अंत में महाराज को अपनी गलती का अहसास हो गया और उन्होंने कहानी सुनना छोड़ दिया ।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए –

क) जब किसी के सामने परेशानी आए तो उसे क्या करना चाहिए ?

उ- यदि किसी के सामने परेशानी आए तो उसे नहीं ड़रना चाहिए । यदि परेशानी हैं तो पहने परेशानी का कारण ढूँढ़ना है और उसको धैर्य के साथ हल करने की कोशिश करनी चाहिए । जिस दिन कोशिश पूरी हो जाएगी उस दिन सफलता जरुर मिल जाएगी ।

ख) वीरबल ने अकबर को उनकी गलती का अहसास करवाने के लिए क्या किया ? आप उनकी जगह होते तो क्या करते ?

उ- वीरबल ने अकबर को उनकी गलती का अहसास कराने के लिए अपनी सूझ-बूझ और समझदारी से एक ऐसी कहानी सुनाई जिसका अंत न था । उन्होंने अकबर को इसके माध्यम से यह समझाया कि हर कहानी का अंत होना आवश्यक है । तब ही वह कहानी आनंद देती है । मैं उनकी जगह होता तो अपनी सूझ-बूझ का इस्तमाल करके समस्या का समाधान करने की कोशिश करता ।

भाषा ज्ञान

१. **पढ़िए, समझिए और लिखिए –**

एक अनेक दवाई -

कुरसी - मिठाई -

नदी - लड़की –

उ- कुरसियाँ दवाइयाँ

नदियाँ मिठाइयाँ

लड़कियाँ

२. नाम बताने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं । पाठ में से पाँच संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए –

— — — — —

उ- अकबर, राजवैद्य, दरबारी, बीरबल, किसान

३. विलोम शब्द लिखिए -

दिन – रात अच्छी –

गरीव - सच –

बड़ा - जागाना –

उ- दीन-रात अच्छी-बुरी

बड़ा – छोटा सच-झूठ

जागना – सोना

४. उदाहरण पढ़कर वाक्य पूरे कीजिए –

क) पहला पक्षी खेत में आया ।

ख) दूसरा पक्षी घोंसले में चला गया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ग) तीसरा पक्षी पानी पीकर उड़ गया ।

घ) — पक्षी छत पर बैठा है ।

ङ) —पक्षी चावल खा रहा है ।

च) —पक्षी बहुत सुंदर है ।

छ) —पक्षी पेड़ पर बैठा है ।

ज) —पक्षी फल खा रहा है ।

झ) —पक्षी उड़ रहा है ।

ञ) —पक्षी घोंसले में बैठा है ।

उ- चौथा, पाँचवा, छठा, सातवाँ, आठवाँ, नौवाँ, दसवाँ

५. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रुप लिखिए –

अशुद्ध - शुद्ध	अशुद्ध - शुद्ध
परिक्षा – परीक्षा	पुज्य –
वायू – वायु	त्यौहार –
अतीथी – अतिथि	पत्नि –
मिठाइँयाँ – मिठाइयाँ	प्रभू –

उ- पूज्य, त्योहार, पत्नी, प्रभु

***

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow